दैनिक भास्कर हिमाचल 16-12-2021

# संजौली कॉलेज की अंजलि का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन



**शिमला|** एनएसएस इकाई संजौली की स्वयंसेविका अंजलि केवला का 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। चार स्वयंसेवकों का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस चयन शिविर के लिए हुआ था, जिसमें से अंजलि केवला का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर के लिए हुआ जो इस वर्ष जयपुर में करवाया गया था इसमें हिमाचल के कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

# अंजलि केवला का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

शिमला, 15 दिसम्बर (ब्यूरो): संजौली कॉलेज में एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी अंजलि केवला का 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड के लिए चयन हुआ है। यह चयन प्रक्रिया सितम्बर महीने से चली आ रही है।

पहला चयन शिविर जिला स्तर पर हुआ था। इसके पश्चात यह राज्य स्तर का चयन शिविर था, जिसमें संजौली महाविद्यालय के 6 स्वयंसेवियों ने भाग लिया था। इसमें हिमाचल के 4 एन.एस.एस. स्वयंसेवियों का चयन हुआ है, उनमें से एक उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एन.एस.एस. इकाई की स्वयंसेवी अंजलि केवला भी है।

संजौली महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्रभान मेहता ने स्वयंसेवी अंजलि और एन.एस.एस. इकाई को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही संजौली एन.एस.एस. इकाई के कार्यकारिणी अध्यक्ष डा. मीनाक्षी शर्मा तथा डा. विकास नाथन ने अंजलि केवला को शुभकामनाएं दी हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं।

# अंजलि गणतंत्र दिवस पर करेगी परेड

जागरण संवाददाता, शिमला : उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई की स्वयंसेविका अंजलि केवला का 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय वरिष्ठ स्वयंसेवी सुधांशु सिंह ठाकुर व दोनों एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी को दिया है। संजौली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान मेहता ने स्वयंसेविका अंजलि को और एनएसएस इकाई को शुभकामनाएं दी हैं। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी शर्मा ने अंजलि केवला को शुभकामनाएं दी हैं।



अंजलि केवला ● जागरण